


# आजादी का अमृत महोत्सव

## प्रतिवेदन

### 07 से 14 अगस्त 2023



**डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर (मध्यप्रदेश)**

**(केंद्रीय विश्वविद्यालय)**

आज़ादी का अमृत महोत्सव



संरक्षक

**प्रो. नीलिमा गुप्ता**

कुलपति

डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर (म.प्र.)

# डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर (म.प्र.)

आज़ादी के अमृत महोत्सव पर आयोजित प्रतियोगिताएं एवं विषय :-

1. पोस्टर 07.08.2023 महिला एवं बाल कल्याण
2. चित्रकला 08.08.2023 जनजातीय जीवन
3. रंगोली 09.08.2023 जल संरक्षण

समय: 03:00PM - 05:00PM

स्थान: शिक्षा विभाग, DHSGU

## प्रतियोगिता प्रभारी

डॉ रश्मि जैन     डॉ. चंद्रकांता जैन     डॉ सुप्रभा दास

संपर्क - 9407252692, 7693099070


# पोस्टर प्रतियोगिता

## विश्वविद्यालय: आजादी का अमृत महोत्सव के तहत पोस्टर एवं चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित हुई

सागर. डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर में शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार एवं विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो नीलिमा गुप्ता के संरक्षण में आजादी का अमृत महोत्सव के तहत 7 से 14 अगस्त के बीच विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं. इसी के तहत 07 अगस्त को महिला एवं बाल कल्याण विषय पर पोस्टर निर्माण का कार्यक्रम आयोजित किया गया. जिसमें 20 छात्रों ने भाग लिया। 08 अगस्त को 'जनजातीय जीवन' विषय पर चित्रकला का आयोजन किया गया. जिसमें 20 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया. अमृत महोत्सव के अंतर्गत 09 अगस्त को जल संरक्षण विषय पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. इन तीनों प्रतियोगिताओं का आयोजन शिक्षाशास्त्र विभाग में किया गया है। साप्ताहिक आयोजन के नोडल प्रभारी डॉ ललित मोहन हैं। प्रतियोगिता की प्रभारी डॉ. रश्मि जैन, डॉ. चन्द्रकान्ता जैन, डॉ सुप्रभा दास हैं। शिक्षाशास्त्र विभाग के अधिष्ठाता एवं विभागाध्यक्ष प्रो.बी.आई. गुरू ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं प्रेषित की तथा सभी कार्यक्रमों में विश्वविद्यालय छात्र-छात्राओं को सहभागिता करने के लिए कहा.

### आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत जल संरक्षण पर विद्यार्थियों ने बनाई रंगोली









## 'जनजातीय जीवन' विषय पर चित्रकला का आयोजन











## विश्वविद्यालय: एक भारत-श्रेष्ठ भारत विषय पर विद्यार्थियों ने रखे अपने विचार

आज़ादी के अमृत महोत्सव -23 के उपलक्ष्य में विश्वविद्यालय के शिक्षाशास्त्र विभाग में दिनांक 09 अगस्त, 2023 को **'एक भारत श्रेष्ठ भारत'** शीर्षक पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के स्नातक तथा स्नातकोत्तर के विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता शीर्षक पर अपने विचार रखे. प्रतियोगिता हेतु विश्वविद्यालय के लिए काफी संख्या






में विद्यार्थियों ने ऑनलाइन पंजीकरण किया था. सभी प्रतिभागियों ने भारत की एकता, अखंडता और प्रगतिशीलता पर अपने-अपने विचार व्यक्त किये.  छात्र- छात्राओं में प्रतियोगिता को लेकर अत्यंत उत्साह का वातावरण दिखाई दिया.

प्रतियोगिता की औपचारिक शुरुवात सह एन.सी.सी. अधिकारी (लेफ्ट.) ( डॉ.) धर्मेन्द्र कुमार सर्राफ द्वारा प्रतिभागियों को दिए गए भाषण प्रतियोगिता सम्बन्धी सामान्य निर्देश से हुआ. प्रतियोगिता विजेताओं निर्णयकर्ता की रूप में डॉ. संजय यादव, सहायक आचार्य, संस्कृत विभाग उपस्थित रहे. भाषण प्रतियोगिता का मूल्यांकन प्रतिभागियों द्वारा प्रस्तुत विषयवस्तु, प्रस्तुतीकरण तथा भाषा के आधार पर किया गया. इस भाषण प्रतियोगिता के अवसर पर शिक्षा शास्त्र व् हिंदी  विभाग के शिक्षक डॉ.मेघा दास, श्री मती अपर्णा श्रीवास्तव, डॉ. शकीला खान एवं डॉ. अवधेश कुमार के साथ-साथ शोध छात्र श्री आशुतोष उपाध्याय, शिक्षा शास्त्र विभाग उपस्थित रहे. प्रतियोगिता के विधा प्रभारियों डॉ. राजेंद्र यादव, डॉ. रानी दुबे तथा डॉ. धर्मेन्द्र कुमार सर्राफ ने  सफलतापूर्वक प्रतियोगिता संपन्न कराई व् सभी प्रतिभागियों तथा निर्णयकर्ता का आभार व्यक्त किया.

## निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

आज़ादी के अमृत महोत्सव-23 के उपलक्ष्य में विश्वविद्यालय के शिक्षाशास्त्र विभाग में दिनांक 10 अगस्त, 2023 को 'आत्म निर्भर भारत' शीर्षक पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के स्नातक, स्नातकोत्तर के साथ शोध छात्रों ने निबंध प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया. प्रतियोगिता हेतु विश्वविद्यालय के कुल 90 विद्यार्थियों ने ऑनलाइन पंजीकरण किया था |प्रतियोगिता में  कुल 60 प्रतिभागियों ने उपस्थिति दर्ज कराई. प्रतियोगिता की औपचारिक शुरुवात डॉ.रानी दुबे, सहायक आचार्य, शिक्षाशास्त्र विभाग द्वारा प्रतिभागियों को दिए गये निबंध प्रतियोगिता सम्बन्धी सामान्य निर्देश से हुआ . निबंध प्रतियोगिता हेतु कुल 1 घंटे का समय निर्धारित किया गया था. इस निबंध प्रतियोगिता के अवसर पर डॉ. अवधेश कुमार के साथ-साथ शोध छात्र श्री आशुतोष उपाध्याय ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. प्रतियोगिता के विधा प्रभारियों डॉ. राजेंद्र यादव, डॉ. रानी दुबे तथा डॉ. धर्मेन्द्र कुमार सर्राफ ने सफलतापूर्वक प्रतियोगिता संपन्न कराई व सभी प्रतिभागियों को धन्यवाद दिया.



## गायन प्रतियोगिता का आयोजन

संगीत विभाग, हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय में आज़ादी का अमृत महोत्सव के तहत गायन प्रतियोगिता आयोजित की गई. जिसकी अध्यक्षता संगीत विभागाध्यक्ष एवं डीन ए आई एस, डॉ०  ललित मोहन जी ने की और संयोजन डॉ० अवधेश प्रताप सिंह तोमर, डॉ० राहुल स्वर्णकार, डॉ उषा राणा ने किया। कार्यक्रम में शोध छात्र यश गोपाल श्रीवास्तव, आकाश जैन, स्तुति खंपरिया, तेजस पटेल तथा गगन राज ने सहयोग किया। शैलेंद्र राजपूत,  गगन राज, तेजस पटेल ने तबला एवं हारमोनियम पर अतुल पथरोल ने संगत की. विभिन्न देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति संगीत के छात्र विकास कुमार, तृप्ति सेन, आदित्य प्रकाश, आयुषी कुशवाहा, अंशुल आठिया, पंकज खरारे, आशी श्रीवास्तव, नितिन जैन, गोलू कुशवाहा, कल्पना अहिरवार, अनुराग यादव और यशवर्धन ने की। आकाशवाणी, सागर से मासूम आलम जी ने प्रतिभागियों एवं डॉ तोमर से प्रतियोगिता पर चर्चा की. उक्त रिपोर्ट का प्रसारण "गागर में सागर" कार्यक्रम में 13 अगस्त 2023 दिन रविवार को प्रातः 07:20 पर किया गया.





## हमें अपनी माटी पर गर्व होना चाहिए- कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता

## 'हर घर तिरंगा' और 'मेरी माटी-मेरा देश' कार्यक्रम का हुआ आयोजन

आज़ादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत डॉक्टर हरीसिंह गौर केन्द्रीय विश्वविद्यालय सागर में 'मेरी माटी-मेरा देश' कार्यक्रम आज 14 अगस्त 2023 को आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय की माननीया कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता ने की। कार्यक्रम की शुरुआत माननीया कुलपति नीलिमा गुप्ता ने दीप प्रज्वलित करके की। इस कार्यक्रम के दौरान संगीत विभाग के छात्रों ने 'प्यारी जन्मभूमि', 'चंदन है माटी' और ललित मोहन जी द्वारा संगीतबद्ध गीत 'माटी रे' पर सामूहिक प्रस्तुति दी। गौरतलब हो कि विश्वविद्यालय में 'मेरी माटी-मेरा देश' कार्यक्रम का आयोजन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम के तहत आयोजित हुआ। 103 वें 'मन की बात' एपिसोड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मेरी माटी-मेरा देश' अभियान चलाने का आग्रह देशवासियों से किया था। इसी कड़ी में आज विश्वविद्यालय परिसर में 'देशगान - मेरी माटी मेरा देश, वृत्तचित्र तिरंगा और पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ।







कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय के ईएमआरसी विभाग द्वारा निर्मित 'तिरंगा वृत्तचित्र' की प्रदर्शनी हुई। जिसकी परिकल्पना डॉ. ललित मोहन जी ने की थी। इस वृत्तचित्र में तिरंगा के महत्व और उससे जुड़े अन्य पहलुओं को बारीकी से समझाया गया। तिरंगा वृत्तचित्र की थीम- 'मन में तिरंगा-हर घर तिरंगा' थी। मुख्य अतिथि के रूप में पधारी विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता ने अपने आशीर्वचन में कहा कि, "मेरी माटी-मेरा देश' अभियान ने माटी के महत्व को समझाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। हमें अपनी माटी पर गर्व करना चाहिए। अपनी मिट्टी से जुड़ने पर ही हम सशक्त और सामर्थ्यवान देश का निर्माण कर सकते हैं।" इस दौरान उन्होंने विश्वविद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी और विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रमाण पत्र और मेडल पहनाया।

कार्यक्रम के अंत में आभार डॉ. ललित मोहन जी ने व्यक्त किया। इस दौरान विश्वविद्यालय के सभी शिक्षक, कर्मचारी, शोध छात्र- छात्राएं उपस्थित रही। कार्यक्रम का आयोजन 'स्वर्ण जयंती सभागार' में हुआ और इसके नोडल अधिकारी डॉ. ललित मोहन जी थे।




डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर (म.प्र.)
आज़ादी का अमृत महोत्सव
"मेरी माटी- मेरा देश"


डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर (म.प्र.)
आज़ादी का अमृत महोत्सव
"मेरी माटी- मेरा देश"


डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर (म.प्र.)
आज़ादी का अमृत महोत्सव


डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर (म.प्र.)
आज़ादी का अमृत महोत्सव
realme Shot by Shivansh Musics


## राष्ट्रीय पावन पर्व स्वतंत्रता दिवस

### स्वातंत्र्य मूल्य और शैक्षिक क्रांति का अग्रणी संस्थान बने विश्वविद्यालय: प्रो. नीलिमा गुप्ता, कुलपति

डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय में भारतवर्ष का राष्ट्रीय पावन पर्व स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया. इस अवसर पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता ने ध्वजारोहण किया तथा राष्ट्रगान के बाद सभा को संबोधित किया.



उन्होंने स्वतंत्रता दिवस की 76वीं वर्षगाँठ के अवसर पर सभी को हार्दिक बधाइयाँ एवं शुभकामनायें देते हुए कहा कि मुझे इस बात पर गर्व है कि हमारे देश भारत ने आज के ही दिन स्वतंत्रता के महान मूल्यों को अर्जित किया था। 15 अगस्त, 1947 से लेकर आज तक की इस गरिमामयी यात्रा में हमारे देश ने दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र होने की हैयिसत प्राप्त की है। आजादी के इस सूर्य के आवाहन के लिए लाखों शहीदो ने अपने प्राणों का उत्सर्ग किया है। इसलिए आज का दिन अपने स्वाभिमान और स्वाधीनता का आदर करने के साथ ही इस दिन के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले हमारे अमर सेनानियों के प्रति अपनी हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त करने का भी दिन है। उन्होंने कहा कि 15 अगस्त हमारे लिए कैलेण्डर का महज एक दिन नहीं है हमारे देश के लिए उसके स्वाभिमान का स्थाई वसंत है।



उन्होंने विश्वविद्यालय के संस्थापक आदि पिता डॉ. सर हरीसिंह गौर को याद करते हुए कहा कि हम सबका उद्देश्य यह होना चाहिए कि स्वतंत्रता का यह वसंत सबके जीवन में उतरे। यही हमारे संस्थापक के प्रति हमारी सच्ची सेवा होगी। हमारे पुरखों ने अपने प्राणों की बाजी लगाकर अपने हिस्से का भी उजाला हमारे नाम लिख गये थे। ऐसे में हमारा दायित्व है कि हम अपनी इस स्वतंत्रता का सम्मान भी करें और निरन्तर इसे समृद्ध भी करते चलें। ऐसा करते हुए ही हम अपने देश की प्रगति और चतुर्दिक विकास में अपना योगदान दे सकते हैं।समन्वित अनुशासन, नैतिक बल, मानवीयता और संस्कारित एकता के माध्यम से ही हम सभी स्वतंत्रता के नैसर्गिक आनंद से स्वयं को जोड़ पायेंगे। हमारा पुनीत कर्तव्य है कि हम स्वयं की और अपने विश्वविद्यालय की भी स्वतंत्रता को और अधिक तार्किक बनाते हुए ज्ञान-विज्ञान के नवाचारी वैश्विक सन्दर्भों से समृद्ध करें। हमें अपने स्थानिक जरूरतों के अनुकूल ज्ञान-विज्ञान और शोध को बढ़ावा देकर स्थानीय से वैश्विक तक की यात्रा करनी होगी। इसी रास्ते से हमारा देश सभी आयामों में आत्मनिर्भर हो सकेगा।



उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के माध्यम से अपने देश को वैश्विक स्तर पर एक प्रतिस्पर्धी राष्ट्र के रूप में प्रतिष्ठित











कर सकेंगे। यह अत्यंत गौरव की बात है कि हम डॉ. गौर जैसे महान स्वप्न द्रष्टा के वारिस हैं। जिन्होंने अज्ञानता औरपरतंत्रता के विरूद्ध ज्ञान और स्वतंत्रता का एक ऐसा महा शंखनाद किया जिसकी अनुगूँज आज तक बनी हुयी है। हमारा परम कर्तव्य है कि हम अपने विश्वविद्यालय को श्रद्धेय डॉ. हरीसिंह गौर के स्वप्नों के अनुरूप पुष्पित-पल्लवित करते रहें। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों, शिक्षकों, अधिकारियों और कर्मचारियों के महत्तर प्रयास से हमें नैक में ए प्लस ग्रेड मिला है. यह हमारे विश्वविद्यालय की अकादमिक अधोसंरचना का राष्ट्रीय स्तर पर स्वीकारोक्ति है। हमारा उद्देश्य कि हमारे विद्यार्थी अपनी प्रतिभा, क्षमता के आधार पर राष्ट्रीय विकास की इस यात्रा में अपना महत्तम योगदान दें, ज्ञान-विज्ञान और शोध के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर श्रेष्ठतम चुनौती प्रस्तुत कर सकें। साथ ही बौद्धिक अस्तित्व के साथ-साथ संवेदनशीलता और मानवीयता के उच्चतम मूल्यों के भी वाहक बनें। यही हमारी ओर से पवित्र राष्ट्र-आराधना होगी. उन्होंने विश्वविद्यालय में हो रहे नवाचारी प्रयासों, अकादमिक गतिविधियों, विद्यार्थियों और शिक्षकों की उपलब्धियों को विस्तार से साझा करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय के शिक्षक, अधिकारी और कर्मचारी बेहतर शैक्षणिक एवं प्रशासनिक संलग्नता के साथ राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप अपने विद्यार्थियों के सुनहरे भविष्य की आधारशिला रच रहे हैं. उन्होंने कहा कि आज का दिन आत्म मूल्यांकन का भी दिन है। हमें निजी हित और स्वार्थ की पूर्ति तक स्वयं को सीमित न रखकर अपने संस्थान, समाज और देष की चतुर्दिक प्रगति और समृद्धि के प्रति स्वयं को समर्पित करना होगा। मेरी हार्दिक इच्छा है कि हमारे विद्यार्थी विश्व के प्रत्येक क्षेत्र में स्थापित हों, उनकी प्रतिभा प्रतिष्ठित हो। वे वैश्विक जागरण के ध्वजवाहक बनें। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स ने सलामी दी. एनएसएस के स्वयंसेवकों ने एंटी रैगिंग जागरूकता हेतु रैली भी

निकाली. कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता ने रैली को हरी झंडी दिखाई. मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत सभी उपस्थित सदस्यों ने








हाथ में मिट्टी लेकर पञ्च प्राण प्रतिज्ञा दोहराई और देश के प्रति समर्पित रहने की शपथ ली. इस अवसर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम भी संपन्न हुआ. समारोह में विश्वविद्यालय के शिक्षक, छात्र-छात्राएं, शोध-छात्र, अधिकारी, कर्मचारी, शहर के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे.





# मीडिया कवरेज

## विश्व विद्यालय में आजादी का अमृत महोत्सव के तहत 7 से 14 अगस्त तक होंगे कार्यक्रम

सागर। डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर में शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार आजादी का अमृत महोत्सव तहत 7 से 14 अगस्त के बीच विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। 07 अगस्त को महिला एवं बाल कल्याण विषय पर पोस्टर निर्माण, 8 अगस्त को जनजातीय जीवन विषय पर चित्रकला, 09 अगस्त को जन संरक्षण विषय पर रंगोली, 9 अगस्त को ही एक भारत श्रेष्ठ भारत विषय पर भाषण प्रतियोगिता, 10 अगस्त को आत्मनिर्भर भारत विषय पर निबंध लेखन कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है जो शिक्षा विभाग में समय दोपहर 03 से 05 तक आयोजित होंगे। साथ ही 11अगस्त को संगीत विभाग में गीत गायन गैर फिल्मी गानों पर एकल गायन होगा तथा 14 अगस्त को स्वर्ण जयंती सभागार में देश भक्ति गीत/पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम होगा। राष्ट्रीय एकता वृत्तचित्र तिरंगा ईएमएमआरसी द्वारा आयोजित किया जायेगा। सभी कार्यक्रमों में विश्वविद्यालय के शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी, शोध छात्र, छात्र छात्राओं की उपस्थिति होगी।

## आज से 14 अगस्त तक होंगे विभिन्न कार्यक्रम

सागर, आचरण। डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर में शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार आजादी का अमृत महोत्सव तहत 7 से 14 अगस्त के बीच विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं. 07 अगस्त को महिला एवं बाल कल्याण विषय पर पोस्टर निर्माण, 8 अगस्त को जनजातीय ज़ीवन विषय पर चित्रकला, 09 अगस्त को जन संरक्षण विषय पर रंगोली, 9 अगस्त को ही एक भारत-श्रेष्ठ भारत विषय पर भाषण प्रतियोगिता, 10 अगस्त को आत्मनिर्भर भारत विषय पर निबंध - लेखन कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है जो शिक्षा विभाग में समय दोपहर 03 से 05 तक आयोजित होंगे. साथ ही 11अगस्त को संगीत विभाग में गीत गायन (गैर फ़िल्मी) गानों पर एकल गायन होगा तथा 14 अगस्त को स्वर्ण जयंती सभागार में देश भक्ति गीत/पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम होगा। राष्ट्रीय एकता/ वृत्तचित्र -तिरंगा ईएमएमआरसी द्वारा आयोजित किया जायेगा, सभी कार्यक्रमों में विश्वविद्यालय के शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी, शोध छात्र, छात्र-छात्राओं की उपस्थिति होगी।

# 14 तक आयोजित होंगे कार्यक्रम

सागर. डॉ. हरिसिंह गौर केंद्रीय विश्वविद्यालय आजादी का अमृत महोत्सव के तहत 14 अगस्त तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसकी शुरूआत सोमवार को महिला एवं बाल कल्याण विषय पर पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता से हुई। इसके बाद आज मंगलवार को जनजातीय जीवन विषय पर चित्रकला, 9 अगस्त को जन संरक्षण विषय पर रंगोली व एक भारत-श्रेष्ठ भारत विषय पर भाषण प्रतियोगिता, 10 अगस्त को आत्मनिर्भर भारत विषय पर निबंध लेखन, 11 अगस्त को गैर फिल्मी गानों पर एकल गायन और 14 अगस्त को स्वर्ण जयंती सभागार में देश भक्ति गीत व पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम होगा।

# आजादी का अमृत महोत्सव के तहत 7 से 14 अगस्त तक होंगे विभिन्न कार्यक्रम

जागरण, सागर। डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर में शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार आजादी का अमृत महोत्सव तहत 7 से 14 अगस्त के बीच विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। 7 अगस्त को महिला एवं बाल कल्याण विषय पर पोस्टर निर्माण, 8 अगस्त को जनजातीय जीवन विषय पर चित्रकला, 9 अगस्त को जन संरक्षण विषय पर रंगोली, 9 अगस्त को ही एक भारत श्रेष्ठ भारत विषय पर भाषण प्रतियोगिता, 10 अगस्त को आत्मनिर्भर भारत विषय पर निबंध लेखन कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है जो शिक्षा विभाग में समय दोपहर 3 से 5 तक आयोजित होंगे। साथ ही 11अगस्त को संगीत विभाग में गीत गायन गैर फिल्मी गानों पर एकल गायन होगा तथा 14 अगस्त को स्वर्ण जयंती सभागार में देश भक्ति गीत/पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम होगा। राष्ट्रीय एकता वृत्तचित्र दूतिरंगा ईएमएमआरसी द्वारा आयोजित किया जायेगा।

# विश्वविद्यालय में होगा ध्वजारोहण

सागर, आचरण। डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर में राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त 2023 दिन मंगलवार, को परम्परानुसार हर्षोल्लास पूर्वक मनाया जायेगा। विश्वविद्यालय के गौर प्रांगण में प्रातः 9.30 बजे कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता द्वारा ध्वजारोहण किया जायेगा. राष्ट्रगान के उपरांत कुलपति का उद्बोधन होगा। उद्बोधन के पश्चात एंटी रैगिंग जागरूकता कार्यक्रम के तहत रैली निकाली जाएगी। इस अवसर पर मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत पंच प्राण प्रतिज्ञा कार्यक्रम एवं वृक्षारोपण भी किया जाएगा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के समस्त शिक्षक गण, अधिकारीगण, कर्मचारीगण, अतिथि शिक्षकगण, शोधार्थीगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहेंगे। उक्त समारोह में परिवारजन एवं अभिभावक भी सादर आमंत्रित हैं।

# आजादी का अमृत महोत्सव के तहत पोस्टर एवं चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित हुई



सागर, आचरण। डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर में शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार एवं विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो नीलिमा गुप्ता के संरक्षण में आजादी का अमृत महोत्सव के तहत 7 से 14 अगस्त के बीच विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं. इसी के तहत 07 अगस्त को महिला एवं बाल कल्याण विषय पर पोस्टर निर्माण का कार्यक्रम आयोजित किया गया. जिसमें 20 छात्रों ने भाग लिया। 08 अगस्त को जनजातीय जीवन विषय पर चित्रकला का आयोजन किया गया. जिसमें 20 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया. अमृत महोत्सव के अंतर्गत 09 अगस्त को जन संरक्षण विषय पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा. इन तीनों प्रतियोगिताओं का आयोजन शिक्षाशास्त्र विभाग में किया गया है।

साप्ताहिक आयोजन के नोडल प्रभारी डॉ ललित मोहन हैं। प्रतियोगिता की प्रभारी डॉ. रश्मि जैन, डॉ. चन्द्रकान्ता जैन, डॉ सुप्रभा दास हैं। शिक्षाशास्त्र विभाग के अधिष्ठाता एवं विभागाध्यक्ष प्रो.बी.आई. गुरू ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं प्रेषित कीं तथा सभी कार्यक्रमों में विश्वविद्यालय छात्र-छात्राओं को सहभागिता करने के लिए कहा।

दैनिक भास्कर


# विद्यार्थियों ने गायन प्रतियोगिता में दी देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति

सागर | डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के संगीत विभाग में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति दी। विभाग के छात्र विकास कुमार, तृप्ति सेन, आदित्य प्रकाश, आयुषी कुशवाहा, अंशुल आठिया, पंकज खरारे, आशी श्रीवास्तव, नितिन जैन, गोलू कुशवाहा, कल्पना अहिरवार, अनुराग यादव और यशवर्धन



ने देश प्रेम के तरानों की प्रस्तुति देकर माहौल को देशभक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम में शैलेंद्र राजपूत, गगन राज, तेजस पटेल ने तबला एवं हारमोनियम पर अतुल पथरोल ने संगत की। आकाशवाणी सागर से मासूम आलम ने प्रतिभागियों एवं डॉ. अवधेश तोमर से प्रतियोगिता पर चर्चा की। इसका प्रसारण गागर में सागर कार्यक्रम में रविवार को सुबह 7:20 बजे किया जाएगा।

# कुलपति ने दिलाई देश की माटी के प्रति सम्मान की शपथ



सागर, देशबन्धु। डॉ. हरीसिंह गौर विवि में आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के समन्वयक प्रो. सुशील काशव ने बताया कि कार्यक्रम 14 अगस्त से प्रारंभ किया गया था। प्रथम दिन 14 अगस्त को देशभक्ति गीतों का आयोजन किया गया। द्वितीय दिन कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता द्वारा विद्यार्थियों को हाथ में मिट्टी लेकर देश की माटी के प्रति सम्मान की शपथ दिलाई। गौर प्रांगण में शिक्षकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों द्वारा वृक्षारोपण किया गया है। वीरो का वंदन कार्यक्रम के तहत स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ताराचंद्र जैन को शाल श्रीफल सहित स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया। अंतिम दिन 18 अगस्त को सुबह 11 बजे ललित कला एवं प्रदर्शनकारी कला विभाग में चित्रकला एवं मूर्तिकला केवल मिट्टी का उपयोग करते हुए प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमे लगभग में 50 से अधिक छात्रों ने सहभागिता रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता ने बताया कि मेरी माटी मेरा देश अभियान लोगों को मिट्टी से जोडने का प्रयास है। उन्होंने कहा वर्तमान में मिट्टी का उपयोग कम होता जा रहा है। पहले मिट्टी के बर्तन, खिलौने और सजावट की सामग्री का निर्माण किया जाता था। समस्त कार्यक्रम में डॉ. ललित मोहन, डॉ. राकेश सोनी, डॉ. संजय शर्मा, संतोष सहगौरा, डॉ. विवेक जायसवाल मौजूद रहे।

# देश की माटी के प्रति सम्मान की शपथ दिलाई



जागरण, सागर। डॉ.हरीसिंह गौरविश्वविद्यालय में आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत मेरी माटी–मेरा देश कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम के समन्वयक प्रो.सुशील काशव ने बताया कि प्रथम दिन 14 अगस्त को देशभक्ति गीतों का आयोजन किया गया। 18 अगस्त को ललित कला एवं प्रदर्शनकारी कला विभाग में चित्रकला एवं मूर्तिकला केवल मिट्टी का उपयोग करते हुए प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इसमें 50 से अधिक छात्रों की सहभागिता रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो.नीलिमा गुप्ता ने बताया कि मेरी माटी–मेरा देश अभियान लोगों को मिट्टी से जोड़ने का प्रयास है। कार्यक्रम में विवि के अधिकारी–कर्मचारी मौजूद रहे।

# कुलपति ने दिलाई देश की माटी के प्रति सम्मान की शपथ, अन्य कार्यक्रम भी हुए

सागर, आचरण। डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर में आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत मेरी माटी-मेरा देश कार्यक्रम विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो नीलिमा गुप्ता की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के समन्वयक प्रो सुशील काशव ने बताया कि कार्यक्रम 14 अगस्त 2023 से प्रारंभ किया गया था। प्रथम दिन 14 अगस्त को देशभक्ति गीतों का आयोजन किया गया। द्वितीय दिन माननीया कुलपति प्रो नीलिमा गुप्ता द्वारा विद्यार्थियों को हाथ में मिट्टी लेकर देश की माटी के प्रति सम्मान की शपथ दिलाई। गौर प्रांगण में शिक्षकों ,कर्मचारियों और विद्यार्थियों द्वारा वृक्षारोपण किया गया है। वीरों का वंदन कार्यक्रम के तहत स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ताराचंद्र जैन को शॉल श्रीफल सहित स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंतिम दिन चित्रकला एवं मूर्तिकला और भाषण का आयोजन किया है। 18 अगस्त को सुबह 11 बजे ललित कला एवं प्रदर्शनकारी कला विभाग में चित्रकला एवं मूर्तिकला केवल मिट्टी का उपयोग करते हुए प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इस लगभग में 50 से अधिक छात्रों ने सहभागिता रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए माननीया कुलपति प्रो नीलिमा गुप्ता ने बताया कि मेरी माटी-मेरा देश अभियान लोगों को मिट्टी से जोड़ने का प्रयास है। उन्होंने कहा वर्तमान में मिट्टी का उपयोग कम होता जा रहा है। पहले मिट्टी के बर्तन, खिलौने और सजावट की सामग्री का निर्माण किया जाता था। समस्त कार्यक्रम में डॉ ललित मोहन, डॉ राकेश सोनी, डॉ संजय शर्मा,संतोष सहगौरा, डॉ सुप्रभा दास,डॉ अवधेश प्रताप सिंह, डॉ राहुल स्वर्णकार, डॉ आशुतोष, डॉ सुनीत वालिया, डॉ राकेश सोनी, प्रो सुशील काशव,डॉ विवेक जायसवाल मौजूद रहे।

# हमें अपनी माटी पर गर्व होना चाहिए: कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता

## 'हर घर तिरंगा' और 'मेरी माटी-मेरा देश' कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**दैनिक जन चिंगारी**

सागर। आज़ादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत डॉक्टर हरीसिंह गौर केन्द्रीय विश्वविद्यालय सागर में 'मेरी माटी-मेरा देश' कार्यक्रम आज 14 अगस्त 2023 को आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय की माननीया कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता ने की। कार्यक्रम की शुरुआत माननीया कुलपति नीलिमा गुप्ता ने दीप प्रज्वलित करके की। इस कार्यक्रम के दौरान संगीत विभाग के छात्रों ने 'प्यारी जन्मभूमि', 'चंदन है माटी' और ललित मोहन जी द्वारा संगीतबद्ध गीत माटी रे' पर सामूहिक प्रस्तुति दी।

गौरतलब हो कि विश्वविद्यालय में 'मेरी माटी-मेरा देश' कार्यक्रम का आयोजन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम के तहत आयोजित हुआ। 103 वें 'मन की बात' एपिसोड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मेरी माटी-मेरा देश' अभियान चलाने का आग्रह देशवासियों से किया था। इसी कड़ी में आज विश्वविद्यालय परिसर में 'देशगान - मेरी माटी मेरा देश, वृत्तचित्र तिरंगा और पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय के ईएमआरसी विभाग द्वारा निर्मित 'तिरंगा वृत्तचित्र' की प्रदर्शनी हुई। जिसकी परिकल्पना डॉ. ललित मोहन जी ने की थी। इस वृत्तचित्र में तिरंगा के महत्व और उससे जुड़े अन्य पहलुओं को बारीकी से समझाया गया। तिरंगा वृत्तचित्र की थीम- 'मन में तिरंगा-हर घर तिरंगा' थी। मुख्य अतिथि के रूप में पधारी विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता ने अपने आशीर्वचन में कहा कि, ÷मेरी माटी-मेरा देश' अभियान ने माटी के महत्व को समझाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। हमें अपनी माटी पर गर्व करना चाहिए।

## आयोजन । हर घर तिरंगा और मेरी माटी-मेरा देश कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# हमें अपनी माटी पर गर्व होना चाहिए: कुलपति गुप्ता

सागर, आचरण संवाददाता।




आज़ादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत डॉक्टर हरीसिंह गौर केन्द्रीय विश्वविद्यालय सागर में मेरी माटी-मेरा देश कार्यक्रम 14 अगस्त 2023 को आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता ने की। कार्यक्रम की शुरुआत कुलपति नीलिमा गुप्ता ने दीप प्रज्वलित करके की। इस कार्यक्रम के दौरान संगीत विभाग के छात्रों ने प्यारी जन्मभूमि, चंदन है माटी और ललित मोहन द्वारा संगीतबद्ध गीत माटी रे पर सामूहिक प्रस्तुति दी। गौरतलब हो कि विश्वविद्यालय में मेरी माटी-मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के तहत आयोजित हुआ। 103 वें मन की बात एपिसोड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मेरी माटी-मेरा देश अभियान चलाने का आग्रह देशवासियों से किया था। इसी कड़ी में आज विश्वविद्यालय परिसर में देशगान -मेरी माटी मेरा देश, वृत्तचित्र तिरंगा और पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय के ईएमआरसी विभाग द्वारा निर्मित तिरंगा वृत्तचित्र की प्रदर्शनी हुई। जिसकी परिकल्पना डॉ. ललित मोहन जी ने की थी। इस वृत्तचित्र में तिरंगा के महत्व और उससे जुड़े अन्य पहलुओं को बारीकी से समझाया गया। तिरंगा वृत्तचित्र की थीम- मन में तिरंगा-हर घर तिरंगा थी। मुख्य अतिथि के रूप में पधारी विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता ने अपने आशीर्वचन में कहा कि, मेरी माटी-मेरा देश अभियान ने माटी के महत्व को समझाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। हमें अपनी माटी पर गर्व करना चाहिए।

अपनी मिट्टी से जुड़ने पर ही हम सशक्त और सामर्थ्यवान देश का निर्माण कर सकते हैं। इस दौरान उन्होंने विश्वविद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं और विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रमाण पत्र और मेडल पहनाया। कार्यक्रम के अंत में आभार डॉ. ललित मोहन ने व्यक्त किया। इस दौरान विश्वविद्यालय के सभी शिक्षक, कर्मचारी, शोध छात्र- छात्राएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का आयोजन स्वर्ण जयंती सभागार में हुआ और इसके नोडल अधिकारी डॉ. ललित मोहन थे।

---

## आयोजन डा सिंह गौर विवि के स्वर्ण जयंती सभागार में 'मेरी माटी-मेरा देश' कार्यक्रम हुआ

# हमें अपनी माटी पर गर्व होना चाहिए : कुलपति

सागर( नवदुनिया प्रतिनिधि )। आज़ादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत डाक्टर हरीसिंह गौर केन्द्रीय विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयंती सभागार में 'मेरी माटी-मेरा देश' कार्यक्रम मंगलवार को आयोजित हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता ने की। कार्यक्रम के दौरान संगीत विभाग के छात्रों ने 'प्यारी जन्मभूमि','चंदन है माटी' और ललित मोहन जी द्वारा संगीतबद्ध गीत 'माटी रे' पर सामूहिक प्रस्तुति दी।

विवि में 'मेरी माटी-मेरा देश' कार्यक्रम का आयोजन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम के तहत आयोजित हुआ।



विवि के स्वर्ण जयंती सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ● नवदुनिया

103 वें 'मन की बात' एपिसोड में प्रधानमंत्री ने मेरी माटी-मेरा देश' अभियान चलाने का आग्रह देशवासियों से किया था। विवि परिसर में 'देशगान - मेरी माटी मेरा देश, वृत्तचित्र तिरंगा और पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के दौरान विवि के ईएमआरसी विभाग द्वारा निर्मित 'तिरंगा वृत्तचित्र' की प्रदर्शनी हुई, जिसकी परिकल्पना डा. ललित मोहन ने की थी। इस वृत्तचित्र में तिरंगा के महत्व और उससे जुड़े अन्य पहलुओं को बारीकी से समझाया गया। तिरंगा वृत्तचित्र की थीम- 'मन में तिरंगा-हर घर तिरंगा' थी। मुख्य अतिथि के रूप में पधारी विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता ने अपने आशीर्वचन में कहा कि, "मेरी माटी-मेरा देश' अभियान ने माटी के महत्व को समझाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। हमें अपनी माटी पर गर्व करना चाहिए।

उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी और विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रमाण पत्र और मेडल पहनाया। कार्यक्रम के अंत में आभार डा. ललित मोहन ने व्यक्त किया।

# स्वातंत्र्य मूल्य और शैक्षिक क्रांति का अग्रणी संस्थान बने विश्वविद्यालयः कुलपति



सागर, आचरण संवाददाता।

डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय में भारतवर्ष का राष्ट्रीय पावन पर्व स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया: इस अवसर पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता ने ध्वजारोहण किया तथा राष्ट्रगान के बाद सभा को संबोधित किया। उन्होंने स्वतंत्रता दिवस की 76वीं वर्षगाँठ के अवसर पर सभी को हार्दिक बधाइयाँ एवं शुभकामनायें देते हुए कहा कि मुझे इस बात पर गर्व है कि हमारे देश भारत ने आज के ही दिन स्वतंत्रता के महान मूल्यों को अर्जित किया था। 15 अगस्त, 1947 से लेकर आज तक की इस गरिमामयी यात्रा में हमारे देश ने दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र होने की हैसियत प्राप्त की है। उन्होंने विश्वविद्यालय के संस्थापक आदि पिता डॉ. सर हरीसिंह गौर को याद करते हुए कहा कि हम सबका उद्देश्य यह होना चाहिए कि स्वतंत्रता का यह वसंत सबके जीवन में उतरे। यही हमारे संस्थापक के प्रति हमारी सच्ची सेवा होगी। उन्होंने कहा कि आज का दिन आत्म मूल्यांकन का भी दिन है। हमें निजी हित और स्वार्थ की पूर्ति तक स्वयं को सीमित न रखकर अपने संस्थान, समाज और देष की चतुर्दिक प्रगति और समृद्धि के प्रति स्वयं को समर्पित करना होगा। मेरी हार्दिक इच्छा है कि हमारे विद्यार्थी विश्व के प्रत्येक क्षेत्र में स्थापित हों, उनकी प्रतिभा प्रतिष्ठित हो। वे वैश्विक जागरण के ध्वजवाहक बनें।


# विवि ने किया स्वतंत्रता सेनानी ताराचंद जैन का सम्मान



सागर | डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा स्वतंत्रता दिवस पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ताराचंद जैन को उनके आवास पर सम्मानित किया गया। प्रो. सुशील काशव, संतोष सोहगौरा, डॉ. राकेश सोनी ने जैन को शॉल, श्रीफल, स्मृति चिह्न और मिष्ठान्न भेंट किया।

# शैक्षिक क्रांति का अग्रणी संस्थान बने हरि सिंह गौर विश्वविद्यालय : कुलपति नीलिमा

सागर( नवदुनिया प्रतिनिधि )। डाक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय में भारतवर्ष का राष्ट्रीय पावन पर्व स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता ने ध्वजारोहण किया। उन्होंने स्वतंत्रता दिवस की 76 वीं वर्षगांठ के अवसर पर सभी को हार्दिक बधाइयां देते हुए कहा कि मुझे इस बात पर गर्व है कि हमारे देश भारत ने आज के ही दिन स्वतंत्रता के महान मूल्यों को अर्जित किया था। 15 अगस्त, 1947 से लेकर आज तक की इस गरिमामयी यात्रा में हमारे देश ने दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र होने की हैयिसत प्राप्त की है। उन्होंने कहा कि 15 अगस्त हमारे लिए कैलेण्डर का महज एक दिन नहीं है हमारे देश के लिए उसके स्वाभिमान का स्थाई वसंत है।



कुलपति प्रो . नीलिमा गुप्ता ने विवि परिसर में ध्वजारोहण किया। ● नवदुनिया

## स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ताराचंद जैन का किया सम्मान

सागर, आचरण। डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर प्रशासन द्वारा स्वतंत्रता दिवस पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पंडित ताराचंद जैन को उनके आवास पर सम्मानित किया गया। गौरतलब है कि पूरे देश ममेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम चल रहा है। इसी श्रृंखला में प्रख्यात स्वतंत्रता संग्राम सेनानी श्री जैन को सम्मानित किया गया। विश्वविद्यालय प्रशासन की तरफ से मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के नोडल अधिकारी प्रो सुशील काशव, संयुक्त कुलसचिव संतोष सोहगौरा तथा सांस्कृतिक परिषद के समन्वयक डॉ राकेश सोनी ने श्री जैन को शाल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह और मिष्ठान्न भेंट किया। इस अवसर श्री जैन ने अपने जीवन संस्मरण के अंशों को साझा किया। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो नीलिमा गुप्ता ने कहा कि आजादी की लड़ाई के सेनानियों को पूरा देश आज याद कर रहा है। आजादी की वर्षगांठ पर श्री जैन जैसे स्वतंत्रता सेनानी को सम्मानित करते हुए विश्वविद्यालय गौरवान्वित है।

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**Azadi ka Amrit mahotsav**

डॉ.हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर म.प्र.

(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)

**DR. HARISINGH GOUR VISHWAVIDYALAYA SAGAR M.P.**

**(A Central University)**

आजादी का अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में (07 से 14 अगस्त 2023) का आयोजन

## संरक्षक- प्रो. नीलिमा गुप्ता, कुलपति,

**सह संरक्षक – डॉ रंजन कुमार प्रधान, कुलसचिव**

**समन्वयक /नोडल अधिकारी- डॉ. ललित मोहन**

| क्र | दिनांक | समय | स्थान | विधा एवं विषय | विधा प्रभारी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 07अगस्त | दोपहर 03 से 05 बजे तक | शिक्षा विभाग | पोस्टर<br>महिला एवं बाल कल्याण | 1. डॉ. चंद्रकांता जैन – शिक्षा विभाग<br>2. डॉ. सुप्रभा दास – फाइन आर्ट<br>3 डॉ. रश्मि जैन – शिक्षा विभाग |
| 2 | 08 अगस्त | दोपहर 03 से 05 बजे तक | शिक्षा विभाग | चित्रकला<br>जनजातीय जीवन | |
| 3 | 09 अगस्त | दोपहर 03 से 05 बजे तक | शिक्षा विभाग | रंगोली<br>जल संरक्षण | |
| 4 | 09 अगस्त | दोपहर 03 से 05 बजे तक | शिक्षा विभाग | भाषण<br>एक भारत श्रेष्ठ भारत | 1. डॉ. राजेन्द्र यादव – हिन्दी विभाग<br>2. डॉ. रानी दुबे – शिक्षा विभाग<br>3. डॉ. धर्मेन्द्र सराफ एन.सी.सी.अधिकारी |
| 5 | 10 अगस्त | दोपहर 03 से 05 बजे तक | शिक्षा विभाग | निबंध लेखन<br>आत्म निर्भर भारत | |
| 6 | 11 अगस्त | दोपहर 03 से 05 बजे तक | संगीत विभाग | एकल गायन<br>गीत गायन (गैर फिल्मी) | 1. डॉ. अवधेश प्रताप सिंह तोमर<br>2. डॉ. राहुल स्वर्णकार संगीत विभाग<br>3. डॉ. उषा राणा एन.सी.सी.अधिकारी |
| 7 | 14 अगस्त | दोपहर 03 से 05 बजे तक | स्वर्ण जयंती सभागार | देश भक्ति गीत/पुरस्कार वितरण | |
| 8 | प्रचार – प्रसार | | डॉ. पंकज तिवारी, ई.एम.आर.सी, डॉ. विवेक जायसवाल, पत्रकारिता विभाग | | |
| 9 | अनुशासन एवं सुरक्षा | | डॉ. रितु यादव, डॉ. धर्मेन्द्र सराफ, डॉ. हिमान्शु कुमार | | |
| 10 | स्थल प्रबंधन | | श्री राहुल गिरि गोस्वामी, श्रीमति निधि जैन, यंत्री विभाग | | |
| 11 | कार्यालयीन समन्वय | | डॉ. शैलेश चौबे, परफार्मिग आर्टस, श्री अरूण रैकवार, संगीत विभाग, | | |

**आजादी का अमृत महोत्सव / संगीत विभाग**

SagarUniversity DoctorGour Doctor Harisingh Gour Vishwavidyalaya,Sagar

संकलन, चयन एवं संपादन

कार्यालय, मीडिया अधिकारी

डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर (म.प्र.)

Email- mediaofficer@dhsgsu.edu.in Website- www.dhsgsu.edu.in